LIFESAVING SOCIETY®
The Lifeguarding Experts

ऑंटारियो

प्रिय पालक/अभिभावक,

आपके बच्चे ने हाल ही में स्कूल में लाइफ़सेविंग सोसायटी का ***Swim to Survive® Plus*** कार्यक्रम पूरा किया है.

Swim to Survive+ वास्तविक जीवन में पानी में डूबने से बचने और किसी डूबते हुए दोस्त की सुरक्षित ढंग से मदद करने के गुर सिखाता है. Swim to Survive+ पानी के आस-पास ख़ुद को सुरक्षित रखने के ज़रूरी हुनर सिखाता है. हालाँकि इसे तैराकी के परंपरागत सबक का विकल्प न समझें.

आपके बच्चे को एक *Swim to Survive+* कार्ड दिया गया है, जो उसकी योग्यता के स्तर का विवरण देता है.

- ***कपड़े पहने हुए गहरे पानी में शरीर को रोल कर सकता है***
- ***कपड़े पहने हुए 1 मिनट तक पानी में आगे बढ़ सकता है***
- ***कपड़े पहने हुए 50 मीटर दूर तक तैर सकता है***
- ***कपड़े पहनकर Swim to Survive+ स्टैंडर्ड हासिल किया है***
- ***सहायता करने के सबक पूरे किए हैं (मुसीबत में फँसे दोस्त को बचाने के सबक)***
- ***फ़िटनेस तैराकी पूरी की है***

कार्ड में दर्शाया गया स्तर चाहे जो भी हो, दि लाइफ़सेविंग सोसायटी ***सभी*** बच्चों को इस न्यूनतम मानक से आगे बढ़कर तैराकी सीखने के लिए प्रोत्साहित करती है. आपका बच्चा पानी में ख़ुद को सुरक्षित रखने का हुनर बेहतर ढंग से सीख सके, इसके लिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने बच्चे का नाम अपने स्थानीय स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने के लिए ज़रूर रजिस्टर करवाएँ. अगले स्तर के निर्देश की जानकारी पाने के लिए, कृपया अपने बच्चे के कार्ड के पीछे वाले हिस्से पर नज़र डालें.

बहुत से स्विमिंग पूल ज़रूरतमंद परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान करते हैं. अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय स्विमिंग पूल से संपर्क करें.

आप ऑनलाइन रूप से कार्यक्रम का मूल्यांकन कर सकते हैं और हमें आपकी प्रतिक्रिया जानकर बेहद ख़ुशी होगी. इस मूल्यांकन तक पहुँचने के लिए, कृपया www.lifesavingsociety.com पर दि लाइफ़सेविंग सोसायटी के **Swim to Survive Plus** वेबपेज के “संसाधन” सेक्शन पर जाएँ.

अगर आपको और जानकारी चाहिए या फिर इस जीवन रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो 416-490-8844 पर मुझसे सीधे संपर्क करें या swimtosurvive@lifeguarding.com पर ई-मेल भेजें.

आपकी,

लोकशिक्षण समन्वयक डॉ.

रजिस्टर्ड चैरिटी संख्या 10809 7270 RR0001

400 Consumers Road
Toronto, Ontario M2J 1P8 Canada

टेलीफ़ोन: 416-490-8844 फ़ैक्स: 416-490-8766
ई-मेल: experts@lifeguarding.com
www.lifesavingsociety.com